प्रेषक,

डा0 अनिता भटनागर जैन,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान,
गोमतीनगर, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2 लखनऊः दिनांक 19 नवम्बर, 2016

विषयः- वित्तीय वर्ष 2016-17 में संस्थान के मुख्य चिकित्सा भवन, आंकोलाजी भवन एवं प्रशासनिक भवन में 24 घण्टे फुल डी0जी0 बैकअप विद्युत सप्लाई हेतु विद्युत सब स्टेशन के आधुनिकीकरण हेतु वित्तीय स्वीकृति।

---

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-2769/डा0रा0म0लो0इ0मे0सा0/विद्युत दिनांक 26 अक्टूबर, 2016 का कृपया सन्दर्भ लेने का कष्ट करें।

2- डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ के मुख्य चिकित्सा भवन, आंकोलाजी भवन एवं प्रशासनिक भवन में 24 घण्टे फुल डी0जी0 बैकअप विद्युत सप्लाई हेतु विद्युत सब स्टेशन के आधुनिकीकरण हेतु शासनादेश संख्या-53/2016/1414/71-2-16-आर0एम0-16/2015 दिनांक 30 मार्च, 2016 द्वारा रू0 525.30 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी थी। अनुमोदित लागत के सापेक्ष अब तक विभिन्न शासनादेशों के माध्यम से कुल रू0 262.65 लाख की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

| क्र0 | शासनादेश संख्या एवं दिनांक | अवमुक्त धनराशि |
|---|---|---|
| 1 | 53/2016/1414/71-2-16-आर0एम0-16/2015 दिनांक 30 मार्च, 2016 | 217.08 लाख |
| 2 | 56/2016/1418/71-2-16-आर0एम0-16/2015 दिनांक 31 मार्च, 2016 | 45.57 लाख |
| | **योग-** | **262.65 लाख** |

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 में संस्थान के मुख्य चिकित्सा भवन, आंकोलाजी भवन एवं प्रशासनिक भवन में 24 घण्टे फुल डी0जी0 बैकअप विद्युत सप्लाई हेतु विद्युत सब स्टेशन के आधुनिकीकरण हेतु रू0 02,62,65,000/- (रूपया दो करोड बासठ लाख पैसठ हजार मात्र) की धनराशि अवमुक्त किये जाने की सहर्ष स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हैः-

1) स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण आवश्यकतानुसार किया जायेगा तथा स्वीकृत धनराशि को बैक/डाकघर/पी0एल0ए0 में नहीं रखा जायेगा।
2) प्रायोजना का निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में अवश्य पूर्ण कर लिया जाय तथा ई-परियोजना के पोर्टल पर प्रगति एवं लैण्डमार्क चरणबद्ध रूप से अंकित की जाय।
3) प्रायोजना हेतु निर्गत उक्त शासनादेश दिनांक 30 मार्च, 2016 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
4) कार्य की गुणवत्ता, मानक एवं विशिष्टियों की जिम्मेदारी संस्थान की होगी। वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 22-3-2016 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन किया जायेगा।
5) स्वीकृत धनराशि का उपयोग किसी अन्य प्रयोजन के लिए नहीं किया जायेगा तथा व्यय स्वीकृत धनराशि तक सीमित रखा जायेगा।
6) प्रश्नगत कार्य की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति से शासन को प्रत्येक माह अवगत कराते हुए यथासमय कार्यदायी संस्था/संस्थान के सक्षम स्तर का अनुमोदन प्राप्त करते हुए उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन/महालेखाकार को उपलब्ध कराया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

4- धनराशि को कोषागार से वित्त नियंत्रक, डा0 रा0म0लो0 आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ द्वारा आहरित किया जायेगा एवं बिलों पर महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ के प्रतिहस्ताक्षर प्राप्त किये जायेंगे।

5- इस संबंध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-31-चिकित्सा विभाग (चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण) के लेखाशीर्षक ''4210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत-03-चिकित्सा शिक्षा, प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-105-एलोपैथी-04-डा0 राममनोहर लोहिया इन्स्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज, गोमतीनगर, लखनऊ-24-वृहत् निर्माण कार्य'' के नामे डाला जायेगा।

6- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2016/बी-1-746/दस-2016-231/2016, दिनांक 22 मार्च, 2016 द्वारा प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिहित किये गये अधिकारों के अधीन निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

( डा0 अनिता भटनागर जैन )
प्रमुख सचिव।

संख्या-130/2016/4437(1)/71-2-16-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद ।
2. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ ।
3. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
4. वित्त नियंत्रक, डा0 रा0म0लो0 आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ।
5. वित्त ई-3/नियोजन अनुभाग-4/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-2
6. स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0।
7. अधिशासी अभियन्ता/परियोजना प्रबन्धक, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, लखऊ।
8. प्रभारी अधिकारी, एन0आई0सी0, छठा तल, योजना भवन।
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

( नीलेश कुमार सिंह )
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।